**खबर संक्षेप**



### एकत्र होकर संगठन को मजबूत बनाने दिया संदेश

**विजयराघवगढ़।** कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरव सिंह के प्रथम आगमन पर समस्त कांग्रेस जन नवीन बस स्टैंड के पास एकत्र होकर अगवानी कर नगर भ्रमण करते हुए प्राचीन किला में ब्रह्मदेव के दर्शन किए कार्यक्रम स्थल स्थानीय रेस्ट हाउस में पहुंचकर स्वागत सम्मान किया गया। श्री सिंह ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने को ज्यादा कुछ नहीं करना केवल ईट से ईट जोड़ना है दीवाल अपने आप तैयार हो जाएगी। समस्त कार्यकर्ताओं को बिना किसी द्वेष भाव के एकत्र होकर संगठन को मजबूत बनाना है। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गणेश राव, शैलेंद्र शुक्ला, नीरज सिंह बघेल, जिला पंचायत सदस्य प्रेमलाल केवट, जनपद पंचायत सदस्य रावेद्र छोटू सिंह, सरपंच जितेंद्र सिंह, पप्पू वाजपेई, शाहिद हुसैन, जय तिवारी, सुरेंद्र दुबे, रत्नेश सिंह परिहार, राजेंद्र सोनी, सोमनाथ मिश्रा, शरद द्विवेदी आदि की उपस्थिति रही।

### जिले में अब तक 913.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 29 अगस्त तक कुल 913.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1211.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 889.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.7 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 995.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1211.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 857 मिलीमीटर, बरही तहसील में 820 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 793.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 798.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1009.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 820.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए पहल



**विजयराघवगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए पहल की जा रही है। लोगों को मूलभूत सुविधाओं दिलाने एवं समस्याओं का निराकरण जनप्रतिनिधियों प्रयास किये जा रहे है। समस्याओं का निराकरण होने पर लोगों को राहत मिल रही है। बता दे की नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में नवीन बस स्टैंड निर्मित होकर गति प्रदान करने आशान्वित है। बसे आकर बस स्टैंड की बजाए चौराहा एवं दुकानों के सामने खड़ी होती है जिसके कारण लोगों को सुविधा प्राप्त नहीं हो रही है।

### श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**कटनी।** श्री कृष्ण वृद्धाश्रम दद्दा धाम में विद्या लोक सेवा वेल फेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष अर्जित खरे, कोषाध्यक्ष जया थापा, एवं लीगल कॉर्डिनेटर दिव्यांश दुबे के संयुक्त सहयोग से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन द्वारा वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा नालसा द्वारा संचालित (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाये) योजना 2015, निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी अमले ने फुटहा टोला में की कार्यवाही

# दो लाख रूपये से अधिक की देशी एवं कच्ची शराब जब्त, 8 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ के फुटहाटोला में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय की शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर आबकारी एक्ट के तहत 8 प्रकरण दर्ज किया और करीब दो लाख रूपये मूल्य के महुआ लाहन का विनष्टीकरण किया एवं अन्य सामग्री जब्त की। गौरतलब है कि बीते गुरूवार को सिंनगौडी में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद में अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की मिली शिकायतों पर कलेक्टर श्री यादव ने आबकारी विभाग को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये थे। इसके बाद आबकारी विभाग ने दो अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए कुल आठ मामले दर्ज किए।





इस कार्रवाई के तहत विजयराघवगढ़ वृत्त के फुटहाटोला में पारधियों के डेरों के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया 1 हजार 425 किलोग्राम महुआ लाहन और 10 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। इस कार्रवाई में आबकारी अधिनियम के तहत चार प्रकरण दर्ज किए गए। इसी प्रकार अन्य सूचना पर बड़वारा वृत्त के अंतर्गत ग्राम करेला, कुआं हदरहटा और पिपरिया कला में छापा मारा गया। यहां से 15 पाव विदेशी मदिरा (गोवा व्हिस्की), 40 पाव देशी मदिरा, 2 लीटर कच्ची शराब, और 165 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस क्षेत्र में भी चार मामले दर्ज किए गए।

दोनों कार्रवाइयों को मिलाकर, आबकारी विभाग ने कुल 15 पाव विदेशी मदिरा, 40 पाव देशी मदिरा, 1 हजार 580 किलोग्राम महुआ लाहन और 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 4 हजार 725 रुपये है। मौके पर ही बड़ी मात्रा में महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस.बी. कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, के.के. पटेल, अतुल कुटार आदि शामिल रहे।

# गंदगी फैलाने वालों पर 1500 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रहने हेतु रोजाना दो शिफ्ट में प्रयास किए जा रहे है। वहीं नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध सख्ती दिखाई जाकर जुर्माने की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश निगम के स्वास्थ्य अमले को दिए गए है। निगमायुक्त की हिदायत के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को संत कवरराम वार्ड स्थित पोस्ट ऑफिस चौराहा सहित अन्य स्थलों में चाट फुल्की ठेला संचालकों द्वारा सार्वजनिक स्थल पर दुकान का कचरा फेंकने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 1 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाकर राशि निगम खजाने में जमा कराई गई। कार्रवाई के समय मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड दरोगा सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

### लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**कटनी।** आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु लोक अदालत प्रभारी राजेश नंदेश्वर की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में समस्त जिला एवं तहसील के न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में लोक अदालत प्रभारी अधिकारी राजेश नंदेश्वर विशेष न्यायाधीश के द्वारा समस्त जिला न्यायालय कटनी के न्यायिक मजिस्ट्रेटगण से वन-टू वन चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही तहसील न्यायालय बरही, ढीमरखेडा एवं विजयराघवगढ के न्यायिक मजिस्ट्रेटगण के साथ व्हीसी के माध्यम से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-'निर्देश दिये। एनआई एक्ट 138 एवं समस्त राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण कराये जाने हेतु प्रेरित किया गया।

*दशलक्षण पर्व पर सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा के साथ हुआ पूजा विधान*

# दस धर्म की आराधनाएं हमारे जीवन को धार्मिक बनाने का देती है संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जैन धर्म के दसलक्षण पर्व का आगाज गुरुवार से हो गया है। जिसके प्रथम दिवस गुरुवार को स्लीमनाबाद स्थित 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विविध धार्मिक पूजा विधान का आयोजन किया गया। पूरी समाज ने सामूहिक अभिषेक शांतिधारा करके दसलक्षण धर्म से संबंधित पूजन विधान का आयोजन किया। यह धार्मिक आयोजन आगामी दस दिनों तक नित्य आयोजित होंगे। इसके साथ ही दसलक्षण पर्व पर विविध धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।



दसलक्षण पर्व के प्रथम दिवस अर्थात उत्तम क्षमा धर्म परंपराओं के अनुसार आज के दिन उत्तम क्षमा धर्म पर प्रवचन पूजा आदि कार्यक्रम हुए। आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर महाराज की परंपरा में सुबह से तत्वार्थ सूत्र के 1 अध्याय का अर्थ का स्वाध्याय होता है। उसी परंपरा का निर्वाह शहडोल में हुआ और प्रथम दिवस प्रथम अध्याय का वाचन हुआ।

श्रंगानेर से आये नमन भैया ने पूरी समाज को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज को सिर्फ एक दिशा - निर्देशन देना है तदुपरांत पूरी समाज का धार्मिक वातावरण निर्मित हो जाता है। उन्होने कहा कि सुख सुविधाओं का त्याग करके भगवान की भक्ति में अगर कोई व्यक्ति रमण करेगा तो निश्चित रूप से संत महाराज उनकी प्रशंसा करें बिना कैसे रुक सकते हैं।

नमन भैया ने उत्तम क्षमा धर्म के विषय में समझाते हुए बताया की हम अपने जीवन में क्रोध को इतना ज्यादा महत्व दे देते हैं, क्षमा का हमारे हृदय में कोई स्थान बचता ही नहीं है। अगर हमें अपने जीवन में सब कुछ क्रोध से ही मिल जाता क्षमा की आवश्यकता पड़ती ही ना किंतु क्रोध ने आज तक प्रतिशोध के अलावा कुछ भी नहीं दिया है। जो आत्मा का शोध करना चाहते हैं व्यक्ति क्रोध से नहीं किंतु क्षमा से अपनी आत्मा के कल्याण का पथ का चयन करते हैं। दसलक्षण पर्व में दस धर्मो की आराधनाएं होती है।

### कार से अचानक उठा धुंआ और बन गई आग का गोला



शुक्रवार को एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत रपटा पेट्रोल पंप के पास अचानक एक कार में आग लग गई। आग से कुछ ही देर में कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ और देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही एनकेजे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पीएम आवास के हितग्राहियों की समस्याएं 10 दिन में निराकरण नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवा कांग्रेस के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर निगम में हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रेम नगर वार्ड क्रमांक 18 में निर्मित मकानों में समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं व हितग्राहियों ने नारेबाजी करते हुए नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा और दस दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।



अंशु मिश्रा ने चेतावनी दी कि यदि दस दिनों में सभी मकानों में बिजली-पानी की सुविधा बहाल नहीं की गई और गुणवत्ता सुधार का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस नगर निगम का घेराव करेगी और जिम्मेदार अधिकारियों-कंपनियों के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष वरिष्ठ पार्षद मौसूफ अहमद बिट्टू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल पांडेय, पार्षद विनीत जायसवाल, ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष नारायण निषाद, आनंद पटेल, कपिल रजक, राजेश जाटव, दिग्विजय सिंह, अजय गोटिया आदि शामिल रहे।

*लक्ष्मी ने कक्षा 10वीं के बाद शादी हो जाने से छोड़ दी थी पढ़ाई*

# शिक्षकों की पहल पर नवविवाहिता ने फिर से शुरू की पढ़ाई, कक्षा 11वीं में लिया दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा के प्रति लगन और शिक्षकों की प्रेरणा से विकासखंड रीठी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नैगवां में नवविवाहिता लक्ष्मी ने अपनी पढ़ाई फिर से शुरू कर दी है। यह मामला न केवल कटनी, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक अनूठी और प्रेरक कहानी बन गया है।

अनुपस्थित छात्रों को प्रेरित करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नैगवां के शिक्षक छात्र-छात्राओं के घर अक्सर जाते रहते हैं, इसी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जब एक छात्रा अतुल कुमारी के घर शिक्षक पहुंचे तो, उनकी मुलाकात उसकी नवविवाहित भाभी लक्ष्मी से हुई।



बातचीत के दौरान पता चला कि लक्ष्मी ने 10वीं पास करने के बाद शादी होने की वजह से पढ़ाई छोड़ दी थी। लक्ष्मी ने बातों ही बातों में शिक्षकों से आगे पढ़ाई करने की इच्छा जाहिर की। इसके बाद शिक्षकों की पहल पर लक्ष्मी के ससुर गजराज, सास सरोज, और पति देवराज भी लक्ष्मी को आगे पढ़ाने के लिए तैयार हो गए। पूरा परिवार मिलकर विद्यालय पहुंचा और लक्ष्मी का कक्षा 11वीं में नियमित दाखिला कराया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी ने बताया कि लक्ष्मी पूर्व में पन्ना जिले के शासकीय हाई स्कूल दमुईया से 10वीं पास करके आई हैं और पढ़ाई में काफी होशियार हैं। दाखिले के तुरंत बाद उन्होंने तिमाही परीक्षाओं में भी भाग लेना शुरू कर दिया है।

लक्ष्मी ने कहा कि कि वह 12वीं तक की पढ़ाई इसी स्कूल से पूरी करना चाहती हैं। लक्ष्मी ने आगे बताया कि उनके समाज में अधिकतर लड़कियां पढ़ाई छोड़ देती हैं, और वह चाहती हैं कि उनकी कहानी से प्रेरणा लेकर अन्य लड़कियां भी शिक्षा जारी रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन के लिए बहुत जरूरी है। सभी को सरकार की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए।

लक्ष्मी के इस कदम का विद्यालय के स्टाफ ने फूल बरसाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। शिक्षकों के इस प्रयास की हर तरफ सराहना हो रही है। इस विद्यालय के शिक्षक पहले भी नवाचार करते रहे हैं, जिसमें स्कूल में ड्रेस कोड लागू करना शामिल है।

## मेजर ध्यानचंद की 120वी जयंती पर वरिष्ठ खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में हुई दौड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में खेल दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में शुक्रवार को दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अतिथि नितेश त्रिपाठी छात्रावास अधीक्षक एवं विद्यालय के उच्चतर माध्यमिक शिक्षक राजीव रंजन ने उपस्थित प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनायें दी। इस आयोजन में सीनियर क्लास 12वीं एवं जूनियर क्लास 11वीं के छात्रों के बीच 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।



11वीं कक्षा के 100 मीटर दौड़ में समीर सिंह ने प्रथम, अभिजीत रैदास ने द्वतीय एवं शंकर सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। जबकि 200 मीटर दौड़ में दिलीप सिंह ने प्रथम, समीर सिंह ने द्वितीय एवं शकर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के 100 मीटर दौड़ में रितेश चौधरी ने प्रथम, कृष्णा प्रजापति ने द्वतीय एवं अमृत रैदास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 200 मीटर दौड़ में दीपक कोरी प्रथम, कृष्णा प्रजापति द्वितीय एवं अमित रैदास तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम के अतिथियों ने सभी विजयी छात्रो को बधाई देते हुये उन्हें फिट रहने के लिए सतत खेल, योग अदि गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मेडल, प्रसस्ति पत्र एवं खेल सामग्री प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में राहुल बर्मन, मनोज अहिरवाल सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्रों की उपस्थिति रही।

### फारेस्टर मैदान में आयोजन

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वी जयंती के उपलक्ष्य में फॉरेस्टर खेल मैदान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया और जिला भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी भी मौजूद रहे। संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत हॉकी खेल के लिए अनिल दुबे, एथलेटिक्स खेल हेतु फारूख अंसारी एवं बैडमिंटन खेल के लिए संगमलाल जायसवाल को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर श्री टंडन ने सभी छात्र-छात्राओं को खेल दिवस की महत्ता बताते हुए उत्साहवर्धन किया। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया ने यहां उपस्थित सभी खिलाड़ियो और विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के संबंध में रोचक तथ्यों से अवगत कराया। तत्पश्चात सभी उपस्थित जनों को खेल दिवस की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल संघों के पदाधिकारियों, फॉरेस्टर खेल मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों, सेंट पॉल शाला सिविल लाइन के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# विकासखंड स्तर पर हो रही विविध खेल प्रतियोगितायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय द्वारा जिले में 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल कार्यक्रमों के तहत आज 30 अगस्त को दोपहर 11 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान अपनी ताकत और दाँव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। वहीं 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में ही वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

रीठी विकासखंड के देवगांव खेल मैदान में खो-खो 30 अगस्त को और रीठी स्टेडियम में कबड्डी 31 अगस्त को आयोजित होगी।इसी प्रकार बड़वारा विकासखंड में उत्कृष्ट शाला खेल मैदान में खो-खो 30 अगस्त को और कबड्डी का आयोजन 31 अगस्त को होगा।

वहीं बहोरीबंद विकासखंड के स्लीमनाबाद विलियम हेनरी शाला में डॉज बॉल 30 अगस्त को और बाकल खेल मैदान में एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं 31 अगस्त को आयोजित की जाएंगी। जबकि विजयराघवगढ़ विकासखंड के श्रमधाम महाविद्यालय कैमोर में कबड्डी 30 अगस्त को और अमहेटा श्रमधाम खेल मैदान में वॉलीबॉल का आयोजन 31 अगस्त को होगा।

## खबर संक्षेप



### रोजगार मेले में 313 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देश एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में गुरूवार को विशाल 'युवा संगम' रोजगार/स्वरोजगार, अप्रेंटिसशिप मेले का सफल आयोजन किया गया। इस संयुक्त आयोजन में जिला रोजगार विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र और शासकीय आईटीआई कटनी ने मिलकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस मेले में कुल 14 कंपनियों ने भाग लिया। जिसके लिए कुल 453 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 313 आवेदकों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। रोजगार के साथ-साथ, मेले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी द्वारा 1 करोड़ 34 लाख 50 हजार रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त मेले में जिला शासकीय चिकित्सालय कटनी की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी श्री डी.के. पासी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति चौहान, जिला चिकित्सालय काउंसलर माधुरी शिवहरे, प्राचार्य आईटीआई कटनी शरद कुमार पांडे, प्राचार्य तिलक महाविद्यालय सुनील बाजपेई और प्राचार्य पॉलीटेक्निक नरेंद्र कुमार बड़खेंड़कर उपस्थित रहे।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 10 सितंबर को

**कटनी।** ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी द्वारा संचार संकर्म समिति की समीक्षा बैठक 10 सितंबर को जिला पंचायत कटनी के सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा किये गये विभिन्न निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की जायेगी। बैठक के दौरान संचार संकर्म समिति के सदस्यों के साथ-साथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### जिला एवं विकासखंड स्तर पर होंगी विभिन्न खेल प्रतियोगितायें

**कटनी।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय द्वारा जिले में 29 अगस्त से 31 अगस्त के बीच खेल कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला और विकासखंड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत 29 अगस्त को फोरेस्टर खेल मैदान में होगी, जहाँ सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच मेजर ध्यानचंद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस खास मौके पर, वरिष्ठ खिलाड़ियों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। 30 अगस्त को दोपहर 11 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में कुश्ती प्रतियोगिता में पहलवान अपनी ताकत और दाँव-पेंच का प्रदर्शन करेंगे। वहीं 31 अगस्त को सुबह 10 बजे से माधवनगर के इंडोर हॉल में ही वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। जिला मुख्यालय के अलावा विकासखंड रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद, विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा में भी खेल गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इनमें वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स, डॉज बॉल, रिले रेस और बैडमिंटन जैसे लोकप्रिय खेल शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएँ अलग-अलग स्थानों पर होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# सभी गांवों में योजनाओं का सुनिश्चित हो बेहतर क्रियान्वयन, होगी मानीटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के 6 विकासखंडों के 199 ग्रामों और 136 ग्राम पंचायतों में निवासरत जनजातीय वर्ग के समुदायों को अपनी आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विकास की दिशा में एक स्थायी मार्ग निर्धारित करने के लिए शासन द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये चिन्हित गांवों में संबंधित विभागों की विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान हेतु आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ व अभियान के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत, सभी एसडीएम व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी तथा मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



#### करेंगे नियमित मानीटरिंग

कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातीय विकास के नजरिये से यह शासन का एक महत्वाकांक्षी अभियान है। जिसके क्रियान्वयन की नियमित और उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही आदि कर्मयोगी अभियान की वे स्वयं प्रत्येक समय-सीमा बैठक में नियमित मॉनीटरिंग करेंगे। उन्होंने प्रत्येक विकासखंड स्तर पर भी आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने अपने संबोधन में कहा कि अभियान का उद्देश्य जनजातीय समूह का विकास व उन्हें प्रगति की मुख्य धारा से जोड़ना है। श्री गेमावत ने इसके लिए क्षमता संवर्धन और चरणबद्ध बेहतर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

#### ग्राम सभाओं में होगा अनुमोदन

इस मौके पर आदि कर्मयोगी अभियान के जिला स्तरीय 7 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अभियान के विभिन्न पहलुओं व घटकों की पॉवर पाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि जनजातीय समूह के बीच अब सहानुभूति पूर्वक नहीं बल्कि समानुभूतिपूर्वक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना है। अभियान के तहत प्रस्तावित कार्ययोजना का महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में अनुमोदन भी कराया जाना है।

प्रशिक्षण सत्र में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विमल चौरसिया, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जिला पंजीयक पंकज कोरी, जिला श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता सहित अन्य विभागों के जिला प्रमुख मौजूद रहे। इनके अलाव जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर में सुरेश बरोले, एसडीओ फॉरेस्ट, अनीता उसरेठे, इन्द्र कुमार साहू, शत्रुघ्न त्रिपाठी, आलोक पाठक, विजयलक्ष्मी मराबी आदि की उपस्थिति रही।



## ट्रांसपोर्ट नगर में अतिक्रमण हटाने की की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर में बिना अनुमति कॉलोनी विकास करने वालों पर कार्यवाही की गई। शुक्रवार को नगर निगम सीमांतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण हटाने की बढ़ी कार्यवाही को अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण अमले ने अंजाम दिया।

ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी निगम की शासकीय भूमि के खसरा नंबर 146 के अंश भाग रकवा 1.20 हेक्टेयर पर अनुराग, अभिषेक पिता जितेन्द्र दाहिया द्वारा बाड़ी स्थापित कर कब्जा किया जाकर खेती की जा रही थी जिस पर नगर निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा स्थल पर पहुँच कर शुक्रवार को स्थल से अनाधिकृत अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमणकारी को स्थल पर दोबारा किसी भी तहत का कब्जा नहीं करने की सख़्त हिदायत दी गई।

कार्यवाही के दौरान राजस्व पटवारी सुभाष गर्ग ,उपयंत्री शैलेंद्र प्यासी,अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह,राजस्व व अतिक्रमण अमले सहित पुलिस बल की मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा नगर में अवैध अतिक्रमण एवं अवैद्य निर्माण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे प्रकरणों पर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश पूर्व से अतिक्रमण विभाग एवं कॉलोनी सेल के अधिकारियों को दे रखें हैं जिसके तहत बुधवार को भी नगर के तीन स्थलों पर अवैध कॉलोनियों की शिकायत पर निगम के अधिकारियों द्वारा कठोर कार्यवाही की गई थी।

### कार्य सुविधा की दृष्ट से नये सिरे से किया गया कार्य विभाजन

## अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर के मध्य कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने जिले से राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के स्थानांतरण और नये अधिकारियों की आगमन उपरांत प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नये सिरे से कार्यविभाजन आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक जिला पंचायत के सीईओ एवं अपर कलेक्टर विकास श्री शिशिर गेमावत को पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सर्व शिक्षा अभियान, उच्च शिक्षा विभाग, कृषि आत्मा, उद्यानिकी, पशुचिकित्सा, उद्योग, पीएचई, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास आदि विभागों का दायित्व सौंपा गया है। जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति, उपार्जन और जिला योजना एवं सांख्यिकी, जनगणना व आकांक्षी विकासखंड के नोडल अधिकारी का दायित्व दिया गया है।

इसी प्रकार अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को अपर जिला मजिस्ट्रेट की हैसियत से कार्य दायित्व तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कानून व्यवस्था व शांति समिति की बैठक हेतु नोडल अधिकारी, ई-नगर पालिका के तहत फायर एनओसी, उच्च न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण याचिकाओं में कलेक्टर की ओर से प्रभारी अधिकारी व संपर्क अधिकारी नियुक्त करना सहित अन्य दायित्व सौंपे गये हैं।

जबकि संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल को वित्त, नाजरात, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान, स्थापना शाखा, आवास शाखा, जनप्रतिनिधि प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके को भू-अभिलेख भू प्रबंधन शाखा के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वेतन वृद्धि व अर्जित अवकाश, राजस्व व वनभूमि सीमा विवाद, चरित्र सत्यापन आदि का कार्य दायित्व दिया गया है। डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा को शिकायत शाखा, प्रपत्र शाखा, एनआईसी, राजस्व अभिलेखागार आदि विभागों का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अधिकारियों के अवकाश व प्रशिक्षण पर रहने की स्थिति में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत का लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को बनाया गया है। इसी तरह नीलांबर मिश्रा की अनुपस्थिति में उनके कार्यों का संपादन शिशिर गेमावत द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल की अनुपस्थिति में उनके कार्यों की जिम्मेदारी प्रभारी डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा होंगे। वहीं, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा के पद पर न होने पर संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल उनके कार्यों का संपादन करेंगे। इसके अलावा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह उइके की अनुपस्थिति में प्रदीप मिश्रा उनके कार्यों को देखेंगे।

### समस्याओं के निराकरण के लिए बनाई आंदोलन की रूपरेखा



सिलौंडी में कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह का प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सिलौंडी के श्री राम मंदिर में कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक अहम बैठक हुई जिसमें पार्टी के आगामी कार्यों की जानकारी देते हुए तैयारी पर बात हुई । साथ ही ग्राम के वरिष्ठ नेता अनिल राय ,मंडलम नीरज राय ,युवक कांग्रेस मंडल रवि अवस्थी ने जिला अध्यक्ष को क्षेत्रीय समस्या जिसमें सिलौंडी बस स्टैंड में बाथरूम नही होने से महिलाओं को हो रही दिक्कत , सिलौंडी से अम्हेटा रोड , नेगाई क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण , क्षेत्र की क्षतिगस्त सड़कें , क्षेत्र में अवैध रूप से ही रही जंगल की कटाई से अवगत कराया ।जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कार्यकर्ताओं से एक जनता की समस्याओं के समाधान हेतु एक आंदोलन करने की योजना पर विचार विमर्श किया ।इस दौरान सौरभ राय ( मोनू भईया) आनंद मिश्रा ,अश्वनी राय ,जनपद पंचायत सदस्य शैलेंद्र पौराणिक , मुकेश परौहा,पूर्व उपसरपंच प्रहलाद सेन, सरपंच दीनू सिंह , शिवा नामदेव, विकास जैन ,पिंटू तिवारी ,यश दुबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति रही ।

## खेल प्रतियोगिताओं में खिलाडियों ने किया अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इस अवसर उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन शुरू किया गया जो तीन दिनों चलेगा।

प्रथम दिवस शुक्रवार को शतरंज, खो खो, क्रिकेट सहित अन्य खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेजर ध्यानचंद स्मृति व्याख्यान माला में प्राचार्य डॉक्टर सरिता पांडे की अध्यक्षता में उनके जीवन से जुड़े कई स्मृतियों का वाचन हुआ। प्राचार्या सरिता पांडेय ने खेल के महत्व को बताया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ भरत तिवारीने स्व. ध्यान चंद्र के जुड़े हुए कई प्रसंग को रोचक पूर्ण ढंग से छात्र-छात्राओं को बताया। डॉ किरण खरादी ने फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रीत नेगी ने किया



खो -खो प्रतियोगिता बालिका वर्ग की विजेता टीम बी कस्तूरबा गांधी टीम रही। बैडमिंटन बालिका वर्ग में भी विनर टीम लक्ष्मीबाई टीम रही। शतरंज प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र ध्रुव तिवारी विजेता रहे। इस दौरान डॉ प्रीति यादव, डॉ प्रतीक चौबे, डॉ भरत तिवारी, डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ बालेंद्र सिंह, डॉ सपना द्विवेदी, डॉ पूनम पांडेय, डॉ भारती यादव,सुश्री प्रज्ञा तिवारी,अंजना पांडे आदि उपस्थित रहे।

### तिलक कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

## विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने दिया संदेश, दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमन्त्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में उमंग उच्च शिक्षा एवं वेलनेस, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह स्वास्थ्य शिविर दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. चांदनी रिमझा, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रूपा प्रसाद, डॉ. पूजा पाण्डेय, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा पाण्डेय एवं ए.एन.एम. राखी कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा आयोजित इस शिविर में आगे बढ़कर शामिल होने की अपील करते हुये स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। जबकि दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.चांदनी रिमझा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने दांतों का बहुत ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि छोटी सी लापरवाही हमें महंगी पड़ सकती है। हमें रात्रि को ट्यूथब्रस करके ही सोना चाहिए। इसके साथ ही इस शिविर में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी बहुत सारी जानकारियां दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी घर बैठे जानने के लिए 'मनहित' एप को डाउनलोड कराकर उसके महत्व को बताया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों को टोल फ्री नम्बर 14425 और 14416 के बारे में बताया गया कि किसी भी तरह की समस्या के बारे में फोन करके निशुल्क परामर्श लिया जा सकता है।



इस कार्यक्रम में डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. आर. पी. मिश्र, प्रोफेसर वी. के. द्विवेदी, प्रोफेसर रुक्मणी प्रताप सिंह, डॉ. राजकुमार कुमार, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. राजश्री शर्मा सहित प्राध्यापक गण के साथ साथ छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. माधुरी गर्ग द्वारा किया गया।

### प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## अमानक पालीथिन एवं खतरनाक रसायनों पर पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि सुमित शर्मा सिविल जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा विशिष्ट अतिथि द्वय हर्षित बिसेन जिला विधिक एंड आफीसर एवं डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय तथा सुधांशु तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी तथा महाविद्यालय के 150 छात्रायें एवं स्टाफ तथा क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रतीक ज्योतिषी कान्ट्रेक्ट इंजीनियर द्वारा आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। तदोपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तदोपरांत के सुधांशु तिवारी, क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी गई। साथ ही सभी से पर्यावरण अधिनियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुसार अपने आस-पास के लोगों को पालन करने हेतु समझाइश दिये जाने का निवेदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों से अपील की गई की अमानक पॉलिथीन का उपयोग न करें साथ ही वर्तमान में आम जनों द्वारा गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की जा रही है जिसमें मा.एन.जी.टी. एवं सी.पी.सी.बी. द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी आम जनों को दी गई। बताया गया कि मूर्तियों के निर्माण में मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों के उपयोग किये जाने एवं पी.ओ.पी. तथा खतरनाक रसायनों के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने एवं छोटी मूर्तियों के निर्माण करने के साथ मूर्ति विसर्जन नदी तालाब में न किया जावे। यह भी आग्रह किया गया की एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे अपने घरों में एक पेड़ आवश्य लगाये तथा उनकी देखभाल भी करें। साथ ही जल, वायु, ध्वनि, खतरनाक, अधिनियम, एम.एस.डब्लू, बी.एम.डब्लू. अधिनियमों के तहत किये जाने वाली कार्यवाहियों का विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिन उद्योगों द्वारा म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उपरोक्त अधिनियमों के तहत जारी सम्मति, प्राधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है उनके विरूद्ध की जा रही वैधानिक कार्यवाही के संबंध में भी अवगत कराया गया।

हर्षित बिसेन जिला विधिक एंड ऑफीसर कटनी द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा बताये गये नियमों के संबंध में जिला न्यायालय एवं मा.एन.जी.टी. द्वारा किये जा रहे निर्णयों के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को अवगत कराया गया। वहीं डॉ चित्रा प्रभात प्राचार्या शासकीय महाविद्यालय कटनी द्वारा भी उपरोक्त अधिनियमों के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को अध्ययन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के जजो को भी महाविद्यालय में सेमीनार आयोजित किये जाने के संबंध में धन्यवाद ज्ञापित कर सेमीनार समाप्त करने की घोषणा की गई। कार्यशाला में सुधांशु तिवारी, आर.पी. शुक्ला, गणेश प्रसाद पाठक आदि मौजूद थे।

## पौधारोपण कर बीएमएस ने मनाया पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय मज़दूर संघ के कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के पहले एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसमें संगठन के अलावा समाजसेवियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने वचन लिया। संगोष्ठी में शहर की नदियों का संरक्षण करने,अधिक से अधिक वृक्ष लगाने,प्लास्टिक का उपयोग न करने,जल संरक्षण को बढ़ावा देने जैसे विभिन्न विषयों पर उद्बोधन दिया गया। संगोष्ठी का आयोजन शनि मंदिर छोटी खिरहनी पर किया गया और इसके बाद वृक्षरोपण तालाब की मेढ़ पर ही फेंसिंग से सुरक्षित स्थान पर वृक्ष लगाये गए और हर दिन इनकी देखरेख के लिए व्यक्ति निर्धारित किये गए। संगोष्ठी



में उपस्थित अधिकतर सहभागी अपने अपने घर से स्वप्रेरित होकर वृक्ष लाये। इस अवसर पर संघ दायित्ववान स्वयंसेवक ओपी सोनी,क्रे सी सिंह,डी एन श्रीवास्तव, भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल,जिला मंत्री विनोद पटेल,कृषि ग्रामीण मज़दूर संघ जिला अध्यक्ष सुरेश राठौर, कोषाध्यक्ष संजू द्विवेदी,पर्यावरण मंच के जिला संयोजक धनीराम सोनी, समाजसेवी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 17 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जसवंतपुरा में एक 17 वर्षीय बालिका ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में अमानगंज पुलिस थाना में उपस्थित होकर फरियादी हक्कू कोरी पिता चैता कोरी ने पुलिस को जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि लड़की वंदना पिता कासी राम कबीरपंथी उम्र 17 वर्ष निवासी जसवंतपुरा रात में खाना खा कर सोई थी और सुबह जब भाई ने देखा तो पता चला कि बहन ने फांसी लगा ली है। घटना की सूचना उसने अपने कक्का को दी कि बहन ने फांसी लगा ली है तो उसे फांसी से उतार के खाट में लिटाया पता चला है कि घर में केवल भाई और बहिन साथ रहते थे और माता पिता बाहर मजदूरी करते थे।

दूसरे दिन मनाया उत्तम मार्दव धर्म, नगर के सभी जैन मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ

# दसलक्षण पर्व की क्षमा धर्म के साथ हुई शुरुआत, मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में गुरुवार से जैन धर्म के पवित्र दशलक्षण महा पर्व की शरुआत हो गई है। यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम, तप और धर्म की ओर अग्रसर होने का संदेश देता है, जैनों के इस महापर्व में जीवन में धैर्य, क्षमा, आचार, सत्य, शुद्धि, तप, त्याग, अकिंचन, ब्रह्मचर्य और सर्वोपरि धर्म का आलोक बनाये रखने के लिए जैन धर्म के दसलक्षण पर्व की शुरुआत हो चुकी है। जिसमें अब दस दिनों तक जैन अनुयाई धर्म के मार्ग पर चलेंगे साथ ही इस अवसर पर नगर के सभी जिन मंदिरों को विशेष रूप सजाया गया है। वहीं सुबह सभी मंदिरों में अभिषेक, शांतिधारा के साथ पूजन आदि की क्रियाएं संपन्न की जा रही है।

समाज के युवा संदीप जैन ने बताया कि नगर के श्री श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में दसलक्षण महापर्व द्वितीय दिन पूजा अभिषेक शांति धारा प्रारंभ हुआ शांतिधारा श्री संतोष , सपन ,संदीप जैन कोमल चंद्र चक्रेश जैन , सादपुर वाले परिवार को शांति धारा करने का शौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं मंदिर में भैया जी ने द्वितीय दिवस अपने मंगल प्रवचन में कहा कि जैन त्यौहार दसलक्षण पर्व दस धर्म 10 दिन का होता है प्रथम दिन उत्तम क्षमा का होता है यदि हम धर्म के रास्ते पर चलेंगे तो धर्म मिलेगा और पाप के रास्ते पर ही बढ़ते रहे तो पाप ही मिलेगा। धर्म तिराता है और पाप डुबाता है। धर्म पाप मलपुंज को धोकर हमें पवित्र बना देता है।धर्म हमारे जीवन का आधार है। प्रवचन के दौरान मंदिर जी में हटा सकल जैन समाज बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित कर रही है दसलक्षण पर्व के दौरान सुबह पंडित प्रवीण शास्त्री (सोनू भैया) संगीत पार्टी उनके सहयोग द्वारा संगीतमय पूजन विधान अभिषेक की क्रियाएं संपन्न हो रही है और सांगानेर से कमलेश भैया के द्वारा प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



# गौरीशंकर मुक्ति धाम में शीघ्र बनेगा मोक्ष पार्क, नपा अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

गौरीशंकर मुक्तिधाम अब शीघ्र ही सुंदर आकर्षक बनने जा रहा है जिसमें मोक्ष पार्क बनाए जाने की रूपरेखा तैयार कर ली गई। जिसकी तैयारियों हेतु गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक व उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने मुक्तिधाम पहुंचकर जायजा लेते हुए नगर पालिका टीम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम में मोक्ष पार्क के लिए समतलीकरण का अभी जेसीबी मशीन द्वारा निरंतर कार्य नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है। हम हटा मुक्तिधाम को कैसे अदभुत आकर्षक व सुंदर बनाए इस लक्ष्य के साथ एक टीम गठित कर जन भागीदारी से सुव्यवस्थित कार्य कराने की बात रखी गई जिसमें सर्वप्रथम 4 मुख्यद्वार गौरीशंकर मुक्तिधाम एवं मोक्ष पार्क के लिए बनाए जाएंगे। इच्छुक परिवार, समाज व व्यक्ति प्रवेश द्वार निर्माण की राशि देकर अपने पूर्वजों या समाज का स्मृति द्वार बनवा सकता है। उसके बाद शिव जी की 51' फुट ऊंची प्रतिमा बनाने का सुझाव रखा गया है। मुक्तिधाम की 24 घंटे गार्ड की ड्यूटी लगाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गौरी शंकर मुक्तिधाम में विगत कई वर्षों से निरंतर नगर के समाजसेवियों द्वारा प्रत्येक रविवार को सुबह श्रमदान कर साफ सफाई पौधारोपण के साथ पौध संरक्षण का कार्य किया जाता है जिससे काफी हद तक मुक्ति धाम की सौंदर्यता बनी हुई है और अब यदि नगर पालिका द्वारा मोक्ष पार्क का निर्माण कराया जाता है तो हटा का मुक्तिधाम शीघ्र ही सुंदर और आकर्षक दिखाई देगा।

# भाजपा वोट चोरी कराकर बना रही सरकारें- पटेल



दमोह। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता माननीय राहुल गांधी जी पूरे देश में की जा रही वोट चोरी को लेकर सड़क पर जन आंदोलन कर रहे है इसी तारतम्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिलास्तरीय आम मतदाता की वोट चोरी के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय से डी.जे. बाजे झंडा बैनरों एवं कांग्रेसजनों के साथ विशाल रैली निकालकर घंटाघर अम्बेडकर चौक से होते हुये कीर्ति स्तंभ के पास संबंधित अधिकारी को वोट चोरी के मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा यहां जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि "केन्द्र की भा.ज.पा ने पहले हमारे मध्यप्रदेश की जनता द्वारा निर्वाचित कांग्रेस के विधायक चुराये उसके बाद सरकार चुराई अब वोट चोरी करके लोकतंत्र को खत्म करना चाहते है। जिसका प्रमाण देते हुये उन्होंने दमोह विधानसभा की टोरी ग्राम की मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति कलेक्टर प्रतिनिधि को देते हुये कहा कि देखिये इसमें कई जगह पर डबल नाम है। पूर्व विधायक द्वय अजय टंडन, राजा पटेरिया, पूर्व न.पा. अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि राहुल जी बिहार में वोटर अधिकार सत्याग्रह के पदयात्रा के दौरान 65 लाख फर्जी वोटरो को उजागर करते हुये वोट चोरी पकड़ी है। संतोष भारती, तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, प्रदीप पटेल, परम यादव, तिलक सिंह, लक्ष्मण सिंह, रजनी ठाकुर, राव बृजेन्द्र सिंह, प्रदीप खटीक, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, राजा राय, शमीम कुरेशी, उवेद गौरी, भूपेन्द्र अजमानी, डी.पी पटेल, विजय बहादुर, मदन सुमन, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, रियाज खान, कमला निशाद, रोहन पाठक, दिनेश रैकवार, राव लाखन सिंह, अजय जाटव, शानू जुनेजा, गीता लोधी, अभिषेक यादव, अनुज ठाकुर, खिल्लू ठाकुर, बिन्दु पार्षद, एके विश्ती, नगर के पार्षद विक्रम ठाकुर, पप्पू कसौटिया, मिक्की चंदेल, अफजल खान, शैलेन्द्र सिंह, राजू बगीरा, अमर सिंह, गोपाल मास्टर, हेमराज, संजय सेठ ने भी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुये कहा कि वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग मौन है उसका जवाब भा.ज.पा. क्यो देती है जबकि पी एम, गृह मंत्री भी इस मुद्दे पर मौन है। इस अवसर पर हटा से धनश्याम यादव, चंकी पटैरिया, अरविन्द तिवारी, संजय तिवारी, पटेरा से नन्हे लाल चौरसिया, हेमंत पटेल, मुन्ना वंशकार, हिण्डोरिया से एम एम राही, पथरिया से प्रदीप पटेल, भरत श्रीवास्तव, संजय सोनी, श्रीधर सुमन, रत्नेश सोनी, अनिल सोनी, सदगुंवा से योगेश पटैल, विनोद पटेल जबेरा से गोविन्द तिवारी, दीवान चंद्रभान सिंह, हरिराम ठाकुर, संतोष रजक,तेन्दूखेड़ा से रघुनाथ यादव, तुलाराम यादव, द्वारका सिंह, महिपाल सिंह,राजा पटना इमलिया घाट से अमर सिंह, सुनील सिंह, शत्रुघ्न सिंह, सुज्जन सिंह सहित सैंकड़ो कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

# वर्षावास में हो रही आनंद की वर्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

स्थानीय तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय जी मे जैन धर्मावलंबियों के सबसे बड़े महोत्सव पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव और धर्मप्रभावना के साथ किया जा रहा हैं।इस अवसर पर तेन्दूखेड़ा नगर में मङ्गलमय वर्षावास कर रहे पूज्य बाल ब्रम्ह बसंत जी महाराज का सानिध्य और दिव्य देशना का लाभ सकल तारण दिगम्बर जैन समाज को प्राप्त हो रहा है। साथ ही पर्यूषण पर्व के अवसर पर भोपाल से पधारे संगीतकार रूपेश जैन द्वारा संगीतमय मंदिर विधि और गुरु भक्ति के भावमय गीतों की प्रस्तुति से सभी नृत्य करने को लालायित हो रहे है,यानि- तारण भवन में भक्ति का अद्भुत माहौल देखने मिल रहा है जब तबियत खराब होती है तो हमारा शरीर बहुत दबाब में होता है,क्योंकि बुखार का परसेंटेज जितना ज्यादा होता है,उतना ही हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है, उसी तरह जब मानव के मन मे विचारों का दबाब पड़ता है तो वह क्रोध के रूप में झलक जाता है,जितना परसेंटेज में हमारे अंदर से क्रोधाग्नि बढ़ेगी उतनी ही मात्रा में मद और कषाय तीव्र होगी,इस उदाहरण के माध्यम से पर्यूषण पर्व के प्रथम दिवस उत्तम क्षमा धर्म पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये बाल ब्रम्ह बसंत जी महाराज ने बतलाया।उन्होंने बताया कि- अगर हमारे अंदर क्षमा भाव आ गया तो समझ लो सारे भाव आ गये और हमने दसलक्षण धर्म का पालन कर लिया, इसलिये क्षमा धर्म की महत्ता जीवन मे सबसे अधिक है,क्षमा ही सारे धर्मो का आधार है।धैर्य का बांध टूटा और समझ लो क्रोध की अग्नि बढ़ेगी।अतः क्षमा भाव ही सफल और धर्ममय जीवन की एक कड़ी है तारण समाज के संरक्षक सुरेशचन्द्र जैन जी ने बताया कि- प्रतिदिन प्रातः में संगीयमय मंदिर विधि एवं भावपूजा होती है इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम एवं संगीतमय मंदिर विधि का आयोजन हो रहा हैं प्रतिदिन प्रातः बेला एवं रात्रि में बाल ब्रम्ह बसंत जी महाराज के अमृतमयी वचनों के माध्यम से गुरु महाराज की दिव्य देशना का लाभ सकल समाज को प्राप्त हो रहा हैं साथ ही रात्रिबेला में गुरु प्रभावना निमित्त भजनो एवं युवा परिषद तेन्दुखेड़ा के सहयोग एवं महिला मण्डल के मार्गदर्शन में पचंदीप्ति बालिका मंडल तेन्दूखेड़ा के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं,जिसमें समाज के बच्चे,युवक-युवतियां एवं सकल तारण तरण दिगम्बर समाज में काफी उत्साह और समर्पण देखा जा रहा है।

# शाला प्रबंधन समिति का हुआ निर्विरोध निर्वाचन



**तेजगढ़।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशन एवं जिला /जनपद शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला देवरी लीलाधर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक पर्यवेक्षक श्याम सुंदर शर्मा एवं निर्वाचन अधिकारी मनोहर सिंह ठाकुर की मौजूदगी में संपन्न हुआ। बैठक मे उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से जसवंत सिंह लोधी को अध्यक्ष एवं श्रीमती क्रांति बाई को उपाध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव सभी की सहमति से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न करदोनों को बनाया गया और सभी का सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर रैली एवं सेमिनार का आयोजन



**दमोह।** ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में 11 म.प्र. एनसीसी बटालियन सागर के कमान अधिकारी कर्नल प्रताप मोहंती के निर्देशन में एवं प्राचार्य डॉ आलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में एनसीसी इकाई द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने खेल भावना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु एक भव्य रैली निकाली। रैली में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने तख्तियों और नारों के माध्यम से खेलों के महत्व तथा "फिट इंडिया" का संदेश दिया। रैली के उपरांत महाविद्यालय सभागार में सेमिनार आयोजित हुआ, सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर डॉ.भावना यादव ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया और डॉ. आर. के. गोस्वामी ने कहा कि खेल ही राष्ट्र की शक्ति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. के.एस. बामनिया, एनएसएस अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी और स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. व्ही पी. सिंह द्वारा किया गया तथा अंत में आभार ज्ञापन के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# आंगनबाड़ी में नियुक्ति में फर्जी दस्तवेजों की शिकायत



**तेंदूखेड़ा।** भगवती मानव कल्याण संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया है जिसमें आंगनवाडी सहायिकाओ एवं कार्यकर्ताओ की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी निरस्त करने की मांग की। जिन लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर आवेदन किए हैं उन पर कार्रवाई कर जांच कर कार्रवाई की मांग की। अगर निष्पक्ष जांच नहीं होगी तो संगठन न्यायालय तक इस मामले को ले जाएगा। ऐसा संगठन के लोगों का कहना साथ ही अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जनपद पंचायत के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती 52 जगह सहायिका एवं एक स्थान पर कार्यकर्ता की भर्ती होनी थी। इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके चयन प्रक्रिया हुई जिसमें लगभग 10 लोगों के फर्जी दस्तावेज थे और उनको चयन सूची में प्रथम स्थान पर रखा गया। अगर समय रहते उन आवेदकों द्वारा देखा ना गया होता तो फर्जी नियुक्तियां हो जाती जब अन्य आवेदकों द्वारा दस्तावेजों की जांच शुरू करना शुरू किया तो तेंदूखेड़ा महिला बाल विकास परियोजना द्वारा उसे पोर्टल को लाक करवा दिया इस प्रकार की फर्जी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध परियोजना अधिकारी कैलाश राय से बात की गई तो उन्होंने कहा अगर नियुक्ति में फर्जी दस्तावेज लगे हैं तो उसकी जिलास्तरीय जांच होती हैं जिसकी जिले से जांच होगी।

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा भगवान वामन देव प्रकटोत्सव

**दमोह।** भगवान विष्णु के पांचवे अवतार भगवान वामन देव का प्रकटोत्सव 4 सितंबर (गुरुवार) को पूर्ण भक्ति भाव एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि इस संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज की एक बैठक सिविल वार्ड नं. 4 स्थित शिव पार्वती मंदिर परिसर में आयोजित हुई जिसमें उपस्थित विप्रजनों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 4 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे से 10:00 बजे तक सुंदरकांड, प्रातः 10:00 बजे से दोपहर बाद 2:00 बजे तक स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। शाम 5:30 बजे से इसी शिव पार्वती मंदिर प्रांगण से भगवान वामन देव जी की भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड चौराहा, एवरेस्ट लॉज चौराहा, घंटाघर, जिला अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा से होती हुई शिव पार्वती मंदिर में संपन्न होगी एवं शाम 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आज शनिवार को शाम 7:30 बजे शिव पार्वती मंदिर में तैयारियो को लेकर बैठक होगी जिसमें अधिक से अधिक विप्रजनों से शामिल होने की अपील सर्व ब्राह्मण समाज ने की है।

# फूलों और सजावट के सामान से सजे बाजार



हटा। शहर में गणेशोत्सव की धूम मच चुकी है। दस दिवसीय इस महापर्व की शुरुआत बुधवार से शुरू हो गई है, जिसके लिए हटा के बाजार और घरों में भक्ति और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। गणपति बप्पा के स्वागत के लिए पूरा शहर तैयार है। सुबह से ही शहर के बड़ा बाजार, बजरिया, राय चौराहा और चंडी जी क्षेत्र में गणपति बप्पा की प्रतिमाओं, फूलों और सजावट के सामान से पूरी तरह सज हुए हैं। दुकानदार अभिषेक ताम्रकार ने बताया कि दुकान पर सजावट के लिए विभिन्न रंगों की सुंदर आकर्षक सामग्री उपलब्ध हैं। लोग अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं को रंग-बिरंगी मालाएं, मोदक, और अन्य पूजा सामग्री खरीदने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ पड़े हैं। इस खरीदारी की चहल-पहल से बाजारों में एक अलग ही रौनक दिखाई दे रही है।

# बीआरसी एमएल अहिरवार बने अजाक्स के जिला उपाध्यक्ष, कार्यकारिणी हुई घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

म.प्र.शासन से मान्यता प्राप्त संगठन अजाक्स की जिला स्तरीय कार्यकारणी जिलाध्यक्ष मुरारीलाल अहिरवार के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश शासन में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग,आईएएस माननीय जेएन कासौटिया के अनुमोदन से घोषित की गई। जिसमें संरक्षक, जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव,संयुक्त सचिव, आडीटर, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, कार्यालय सचिव, जैसे प्रमुख पदों पर विभिन्न तहसीलों से डिविजन वार सक्रिय अजाक्स कार्यकर्ताओ की भोपाल स्तर से नामांकित सूची जारी की गई हैं। कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल - डॉं.बीएल. अहिरवार (पूर्व प्रोफेसर) नारायण सिंह ठाकुर (डिप्टी कलेक्टर), एसएल. अहिरवार (पूर्व प्राचार्य), बीएल. रोहित (राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त), डॉं. जेपी अहिरवार, मंगल प्रसाद बेन, जीपी गायकवाड़, आरडी अहिरवार, वाय के कोरी (बी.ई.ओ.), मनोहर लाल पथरोल, मुन्नी लाल अहिरवार, बालाराम अहिरवार, एमएल. अहिरवार, डीसी अहिरवार (पूर्व प्राचार्य), इंजी टी चौधरी, टीआर जाटव, सुरेशचंद्र अहिरवार, हेतराम आदर्श, दुलीचंद रोहित, आरके रविदास (पूर्व प्राचार्य) बीएल अहिरवार (मुख्य लिपिक) अध्यक्ष मुरारी लाल अहिरवार कार्यवाहक अध्यक्ष कंछेदी लाल अहिरवार, भूपसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष एमएल अहिरवार (बीआरसी), जेएल भारती, राजकुमार सिंह ठाकुर (पूर्व बीईओ) कोषाध्यक्ष सीपी अहिरवार (शिक्षक), इंजी. अमित अहिरवार। महासचिव आरबी सिंह, काशीराम अहिरवार, प्रशांत रोहित, डीसी बेन, छिमाधर अहिरवार, सुरेन्द्र कटहरे, गोपी प्रसाद तंतुवाय, प्रीतम लाल अहिरवार, निर्मल बाल्मीकि, श्रीपाल झारिया, इमरत लाल अहिरवाल। सचिव रामकिशुन अहिरवार, ऋषि राज, गनेश प्रसाद अहिरवार, तुलाराम अहिरवार, प्रमोद तंतुवाय, हरिराम अहिरवार, परमलाल अहिरवार, रोशन अहिरवार, जगदीश सिंह मेमार, इंजी.आरके अहिरवाल, पंचम अहिरवार संयुक्त सचिव- श्याम लाल अहिरवार, सुनील अहिरवार, गोवर्धन प्रसाद अहिरवार, डॉं.सीपी वर्मा, राकेश अहिरवार, महेन्द्र सिंह मरकाम, राजेन्द्र सिंह सरोते, शैलेष अहिरवार, कृष्णा सपेरा, राजा पथरोल ऑडीटर- महेन्द्र अहिरवार, मुंशी सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र करोसिया, प्रवक्ता ओपी राज, जितेन्द्र चौहान कार्यालय सचिव राकेश सूर्यवंशी, मनीराम रोहित को नियुक्त किया गया।

जैन समाज के युवाओं में पर्यूषण पर्व को लेकर उत्साह

# आत्मा और शरीर से भेद विज्ञान करना सिखाता है धर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

दशलक्षण पर्व हमें आत्मा और शरीर से भेद विज्ञान करना सिखाता है। दस दिनी दशलक्षण पर्यूषण पर्व को लेकर जैन समाज के युवाओं में उत्साह है युवाओ ने कहा कि यह पर्व आत्मानुभूति का महापर्व है। यह पर्व जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा विशेष रूप से मनाया जाता है। पर्युषण पर्व जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण त्योहार है जिसमें आत्मा शुद्धि क्षमा और आत्म नियंत्रण पर जोर दिया जाता है। पर्युषण पर्व युवाओं को आत्म विकास और आत्म शुद्धि के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। युवाओं को क्षमा और सहिष्णुता के महत्व को समझने में मदद करता है। आध्यात्मिक विकास के लिए प्रेरित करता है और उन्हें जीवन के उद्देश्य को समझने में मदद करता है। पर्यूषण पर्व पर कई जैन अनुयायी अपनी क्षमता के अनुसार कठिन तपस्या करते हैं। इस दौरान श्रद्धालु अपनी क्षमता अनुसार व्रत रखते हैं जिसमें बिना अन्न जल या फल का सेवन किए उपवास रखा जाता है। पर्युषण पर्व के दौरान जैन धर्म के अनुयायी एक साथ आते हैं और अपने मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए एक साथ उपवास और ध्यान करते हैं।

श्रेयांश जैन कहते हैं कि पूरे साल भर में जो भी जाने-अनजाने में एक दूसरे के प्रति व्यवहार में वाणी, व्यवहार या फिर कर्म के माध्यम से किसी को पीड़ा पहुंची हो तो उन सभी से क्षमा मांगने और क्षमा करने का यह महापर्व है। यह पर्व किसी को पीड़ा न देने की शिक्षा देता है।



**श्रेयांश जैन, तेंदूखेड़ा**

शुभम जैन कहते हैं कि मै पर्यूषण पर्व के दौरान व्रत करता हूं। पयूर्षण पर्व अंतर्गत जो उपवास किए जाते हैं, यह उपवास आत्म शुद्धि और आत्म कल्याण के उद्देश्य से किए जाते हैं, जिसमें शरीर और आत्मा को शुद्ध करने का प्रयास किया जाता है।



**शुभम जैन तेंदूखेड़ा**

प्रिया जैन कहती हैं कि पर्युषण व्रत को रखने वाले को किसी भी प्रकार का छल, कपट, प्रपंच और लालच नहीं करना चाहिए। चूंकि अन्न का मन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, इसलिए खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह पर्व आध्यात्मिक पर्व है।



**प्रिया जैन, तेंदूखेड़ा**

महक जैन कहती हैं कि जैन धर्म में उपवास को जीवन के आध्यात्मिक मार्ग पर आत्म-नियंत्रण और शुद्धता के रूप में देखा जाता है। यह एक आध्यात्मिक पर्व है जो कि हर साल भाद्रपद मास में मनाया जाता है। इस दौरान मुझे ईश्वर से जुड़े रहने का अनुभव होता है।



**महक जैन, तेंदूखेड़ा**

## खबर संक्षेप

### पर्यूषण पर्व के दृष्टिगत 31 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित

**दमोह।** पर्यूषण पर्व के दौरान जिनशरणं जैन मंदिर एवं सदगुवॉ जैन मंदिर में अष्टमी 31 अगस्त को विशेष कार्यक्रम एवं भीडभाड़ को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत जिनशरणं जैन मंदिर एवं सदगुवां जैन मंदिर के समीप स्थित मदिरा दुकान दमोह-ई (हिरदेपुर) हेतु 31 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होने कहा है उक्त अवधि में मदिरा दुकान दमोह-ई (हिरदेपुर) का संचालन बंद रखा जायेगा।

### ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन 4 सितंबर को

**दमोह।** जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में 4 सितंबर 2025 को वृहद ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है, रक्त दान महादान है जो न सिर्फ किसी मरीज को जीवन दान देता है अपितु वह उस पूरे परिवार को प्राणवायु प्रदान करता है। जिस परिवार का सदस्य खून की कमी से जूझ रहा होता है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त नगरवासियो, जनप्रतिनिधियों से निवेदन किया कि आप सभी उक्त शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और रक्तदान करें।

### रूपयों के स्थान पर सिक्के एक्सचेंज किये

**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई कक्ष में शहर एवं जिले के विभिन्न स्थानों से आए व्यापारियों एवं अन्य लोगों को रूपयों के स्थान पर 5, 10, 20, 1, 2 रुपए के सिक्कों का एक्सचेंज शुभारंभ किया। इस दौरान एलडीएम ने कहा पर्याप्त मात्रा में सिक्के उपलब्ध है, बैंक से संपर्क कर सिक्के प्राप्त किये जा सकते हैं। इस दौरान उम्मीद एक पहल दमोह के लिए टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया।

### प्रदायित स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाह सीएचओ, एएनएम के लक्ष्य प्राप्ति तक वेतन आहरण पर रोक

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने विकासखण्ड हिण्डोरिया एवं पटेरा के मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं गैर संचारी रोग कार्यक्रम में आनुपातिक लक्ष्य के विरूद्व कम उपलब्धि वाले आयुष्मान आरोग्यम मंदिर जोरतला, ऑनू, टौरी, राजा पटना एवं देवडोंगरा स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण दौरान ये सभी केन्द्र बंद पाए जाने एवं बिना अनुमति के मुख्यालय पर अनुपस्थित रहने पर संबंधित सीएचओ, एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निर्देश दिए गए कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं गैर संचारी रोग कार्यक्रम में निर्धारित मानकों के तहत लक्ष्य प्राप्ति तक संबंधितों के वेतन आहरण पर रोक रहेगी।

### दमोह-जबलपुर हाईवे पर जानलेवा गड्ढे

# करोड़ों खर्च, फिर भी सड़क बेहाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

करोड़ों की लागत से बनी दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे सड़क आम लोगों के लिए सफर नहीं, बल्कि खतरे की राह बन चुकी है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे न केवल वाहनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि हादसों का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। जबेरा-दानीताल, सिंग्रामपुर और गुबरा के बीच यह सड़क महज 6 माह में ही जर्जर हो चुकी है। मानसून में ये गहरे गड्ढे छोटे-छोटे तालाब में बदलकर यात्रियों और चालकों के लिए मौत का जाल बन गए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस हाईवे से रोजाना बसें और भारी ट्रक गुजरते हैं, जिससे सड़क की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। खराब सड़क के कारण आए दिन वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और दुर्घटनाओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण मुकेश, अवधेश, दिनेश, प्रमोद और रमेश का कहना है कि सड़क की मरम्मत के नाम पर निर्माण कंपनी सिर्फ गड्ढों में साइड की मिट्टी भरकर औपचारिकता निभा रही है, जिससे थोड़ी बारिश में ही गड्ढे फिर पुराने रूप में आ जाते हैं। लोगों का आरोप है कि इस सड़क का उपयोग कई मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी भी करते हैं, लेकिन मरम्मत और रखरखाव के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई हो रही है। गौरतलब है कि यह स्टेट हाईवे अब राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा प्राप्त कर चुका है और इसका रखरखाव 2027 तक निर्माण कंपनी के जिम्मे है। इसके बावजूद सड़क की हालत लगातार बिगड़ रही है, जिससे आम नागरिकों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## श्री गणेश महायज्ञ में लगाया 11 हज़ार लड्डुओं का भोग चढ़ाई गई 1 लाख दूर्वा





**दमोह।** सेवा भाव परिवार दमोह के द्वारा स्थानीय राजा मेरिज हाल में श्री गणेश महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन लड्डुओं और दूर्वा भगवान गणेश जी को अर्पित की जा रही है। सेवा भाव परिवार के सदस्य सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के संरक्षक व नगर पुरोहित पंडित चंद्रगोपाल पौराणिक ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि 28 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 02 बजे तक गणेश सहस्त्रनाम, अथर्व शीर्ष श्री सूक्त एवं दुर्गा सप्तशती पाठ, दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक अर्चन एवं मार्जन,शाम 07:30 बजे से 09 बजे तक चार दिवसीय कथा, 04 सितम्बर 2025 प्रातः 09 से शाम 05 बजे तक पूजन,हवन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ शाम 05 बजे शोभायात्रा व जल विहार किया जाएगा। 29 अगस्त 2025 को श्री गणेश महायज्ञ में भगवान श्री गणेश जी को 11 हज़ार लड्डुओं का भोग और 1 लाख दूर्वा अर्पित की गई है। उक्त आयोजन में समस्त नगर वासियों से अपील है कि वह अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

### विजेता उप विजेता टीमों के साथ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का भी हुआ सम्मान

## खेलों को हमें अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना होगा- सांसद राहुल सिंह



**दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग दमोह द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर उनकी खेल प्रतिभा एवं योगदान को स्मरण करते हुए राष्टीय खेल दिवस 2025 का आयोजन दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। इसके पश्चात हाकी मैच का आयोजन ध्यानचंद क्लब और धनराज क्लब के मध्य किया गया, जिसमें ध्यानचंद क्लब ने 3-1 से विजय प्राप्त की। खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। दमोह सासंद राहुल सिंह लोधी ने अपने उदबोधन में युवाओं से खेलों को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं रखने कहा। साथ ही कहा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले लोकसभा स्तरीय सांसद कप में सभी खिलाड़ी अपने पंजीयन कराए। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आव्हान पर संपूर्ण प्रदेश और देश में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर यह विशिष्ट आयोजन आयोजित हो रहे हैं ताकि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने नागरिकों को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने एवं फिट रहने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आज हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी को याद करने का दिवस है, जिन्होंने अपने इस देश के मान और सम्मान के लिए सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हमें यह भी संकल्प लेना चाहिए कि यदि हमारे आसपास कोई योग्य खिलाड़ी है जिसे हमारी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है तो उसका सहयोग करें ताकि वह अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम के अंत में सिल्वर मेडलिस्ट राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी सामिया अंजुम एवं आज के मैच की विजेता-उपविजेता टीमों को पुरूस्कृत किया गया। हाकी फीडर सेंटर दमोह में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को हाकी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से रमाकांत बाजपेयी, राजेन्द्र चौरसिया, डॉ डी. एम. संगतानी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, पवन तिवारी, महेश पटेल, प्रमोद विश्वकर्मा, भरत यादव, सिकंदर खरारे, मोनू यादव, दीपक मिश्रा, रिंकू गोस्वामी, वेद दुबे, जिला खेल अधिकारी सैफउल्ला खान, अतुल श्रीवास्तव, मुकेश खरे, रियाजउद्दीन राईन, शैलेन्द्र चौधरी, तरूण नामदेव, शेख अंसार सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का संचालन कृष्णा पटैल ने किया एवं आभार जिला हाकी संघ के सचिव ललित नायक ने व्यक्त किया।

## हाईटेंशन टावर पर चढ़ा प्रेमी घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा



### इश्क का जुनून प्रेमिका नहीं आई मिलने, राजस्थान से बांदकपुर पहुंचा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

प्यार में डूबा दिल कभी-कभी ऐसे कदम उठा लेता है, जो पूरे इलाके को हिला कर रख देते हैं। दमोह जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र की बांदकपुर पुलिस चौकी के हलगज रोहनिया में शुक्रवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब प्रेमिका से मिलने आया युवक हाईटेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया और घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। राजस्थान के दौसा जिले का रहने वाला दिलखुश योगी (25) सोशल मीडिया पर बनी दोस्ती से शुरू हुई प्रेम कहानी में इतना डूब गया कि हजारों किलोमीटर का सफर तय कर बांदकपुर पहुंच गया। लेकिन जब प्रेमिका मिलने नहीं आई, तो गुस्से में हलगज के पास रोहनिया के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया।

#### गांव में हड़कंप, भीड़ जुटी

दिलखुश के टावर पर चढ़ते ही गांव में हड़कंप मच गया। "शोले" फिल्म के वीरू जैसे इस नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। कई लोग समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन युवक अपनी जिद पर अड़ा रहा।

#### पुलिस की सूझबूझ से बची जान

सूचना मिलते ही बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा और हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार युवक को सुरक्षित उतारा गया और थाने ले जाकर शांत कराया गया।

प्रेम कहानी का खुलासा

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दिलखुश की प्रेम कहानी फेसबुक और इंस्टाग्राम से शुरू हुई थी। प्रेमिका से मिलने की जिद में वह दमोह पहुंचा, लेकिन मिलने से इनकार किए जाने पर उसने यह खतरनाक कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस युवक को परामर्श दे रही है, ताकि वह दोबारा ऐसी हरकत न करे।

#### चर्चा में बना मामला

यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। लोग सोशल मीडिया पर पनपने वाले रिश्तों की हकीकत और खतरों को लेकर बहस कर रहे हैं, वहीं कई लोग इसे "प्यार का पागलपन" करार दे रहे हैं।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार की शाम की तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत समदई के आश्रित ग्राम सिमरया में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 31 वर्षीय महिला की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार सोमती भाई गौड़ पति रामजी सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी सिमरया थाना तेजगढ़ है। जहां पर महिला अपने खेत पर कार्य कर रही थी। उसी समय शाम करीब 5 बजे बीच रिमझिम बारिश और गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो लेकिन परिजन महिला को जिला अस्पताल दमोह लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया। जहां शनिवार की सुबह पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की पुलिस जांच शुरू करेंगी।

## नोहटा पुलिस ने तार चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अति. पुलिस अधीक्षक श्री भदौरिया एवं एसडीओपी महोदय तेंदुखेड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटैल व गठित टीम द्वारा दिनांक -29 अगस्त 2025 को थाना नोहटा के मामले में तार चोरी के आरोपी टिक्कू उर्फ टेकसींग आदिवासी पिता रूपसींग आदिवासी उम्र 30 साल निवासी सगरा, रोहित यादव पिता जगदीश यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम सगरा थाना नोहटा को सुसंगत धाराओं में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनो आरोपियो को जेल वारंट तैयार जेल भेजा गया। तार चोरी के आरोपियो को पकड़ने में प्र.आर. जितेन्द्र यादव, प्र.आर. प्रदीप तिवारी, प्र.आर. मुकेश शर्मा आर. हरिसींग का योगदान रहा।

## नम्रता, सरलता पूज्य पुरुषों की कुल-विद्या है: अहंकार, मान दुष्टता का चिन्ह है - पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया





पर्यूषण पर्व के अवसर पर विरागोदय तीर्थ पथरिया में पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी गुरूदेव द्वारा मार्दव धर्म पर प्रवचन दिये गये। पट्टाचार्य विशुद्धसागर गुरुदेव ने कहा कि धर्म ही मंगल है, धर्म ही उत्तम है, धर्म ही शरण है और धर्म ही परम सुख-शांति का उपाय है। संसार सागर से पार होने के लिए धर्म जहाज के समान है और तारने नाले निर्ग्रन्थ-गुरु हैं। गुरु ही शरण हैं। गुरु शान्ति, पथ-प्रदर्शक हैं। मसन्-पुरुषों का 'मार्दव धर्म' मुख्य मूलगुण है। अहंकार, मान कषाय है। मान के अभाव होने पर 'मार्दव धर्म' प्रकट होता है। कुल, रूप, जाति, बुद्धि, तप, शास्त्र ज्ञान आदि में किंचित भी अभिमान नहीं करना 'मार्दव धर्म 'है। मृदुता, नम्रता का भाव ही 'मार्दव' धर्म है। मान विष के समान है, जो भवों- भवों में संताप देता है। छल, कपट और मान नरक के रास्ते पर ले जाते हैं। अहंकारी, मानी निश्चित ही मरण कर नरकादि दुर्गतियों को प्राप्त करता है।

नम्रता, सरलता पूज्य पुरुषों की कुल-विद्या है। अहंकार, मान दुष्टता का चिन्ह है। नारकी में क्रोध कषाय, तिर्यंचों में माया कषाय, देवों में लोभ कषाय एवं मानवों में मान कषाय की प्रवीणता होती ही है। मानी, अहंकारी व्यक्ति सर्वनाश कराने तैयार हो जाता है, सर्वनाश उसे स्वीकार है, पर वह झुकना स्वीकारता नहीं है।

जो झुकता है, वहीं गगन में उठता है। ऊँचाईयों प्राप्त करना है, तो झुकना सीखो । उठना है, तो नमना सीखो । विनय मानव जीवन का श्रृंगार है। जो विनय से झुकना सीख लेता है, उसकी दुनिया विनय करती है। विनय से शत्रु भी प्रसन्न हो जाता है। विनय करने वाला शिष्य लोकालोक में प्रसिद्धि प्राप्त करता है। विनय शांति का द्वार है।

जो नमता है, वह भर जाता है। नमना सीखो, अकड़ना छोड़ो। विनयशील ही शिवसुख प्राप्त करता है। किसी का तिरस्कार मत करो। यथा-योग्य सभी का सत्कार करो। मान मत करो, मार्दव धर्म स्वीकार करो। अहंकारी का शीघ्र ही सर्वनाश हो जाता है। अहंकारी के मित्र भी शत्रु बन जाते हैं।

जो हमारे राग की पुष्टि करता है, वह हमें अच्छा लगता है और जिससे हमारे राग की पुष्टि नहीं होती है, वह प्रिय नहीं लगते हैं। वस्तु तो जैसी है वैसी ही है। न वह सुन्दर है, न वह असुन्दर है। जो हमें प्रिय लगता है उसके दोष भी दृष्टिगोचर नहीं होते हैं और जो अप्रिय लगता है उसके गुण भी गुण रूप दिखाई नहीं देते हैं। सम्राट् वही श्रेष्ठ है, जो पक्षपात से शून्य हो। अयोग्य, अनुशासनहीन, सरलता-विहीन क्रूर, क्रोधी, अकुशल व्यक्ति का शासन नहीं चल पाता है। पद के योग्य, अनुशासनप्रिय, कुशल, दूरदृष्टा, अनुभवी, बलवान, नीतिज्ञ मनुष्य ही श्रेष्ठ राज्य का अधिकारी होता है। सरलता मानव जीवन का आभूषण है। क्षमा आनन्द की जननी है। विनय सुख का आधार है। धर्मपरम सुख का द्वार है। अहंकार, मान, अहं विनाशकारी है, मार्दव धर्म हितकारी है।

राग आग है, वीतराग भाव शीतल नीर है। राग की एक कनिका जीवन को अशांत कर देती है। दुनिया में जितने भी अनर्थ हुए हैं, हो रहे हैं और भविष्य में होंगे, वह सभी रागियों के कारण ही होंगे। राग के वशीभूत मानव अनर्थ-पर- अनर्थ करता है। अनर्थों की मूल जड़ राग है। राग के वश मानव संचित पुण्य को नष्टकर पाप में प्रवृत्त होकर संसार में भ्रमण करता है। राग दुःख का कारण है। राग बंधा होता है। रागी हिताहित का विचार नहीं कर पाता है। रागातीत मानव ही धर्म-मार्ग पर चल सकता है। राग छोड़ो, वैराग्य पथ पर बड़ो । उक्त जानकारी सजल जैन पथरिया द्वारा दी गई।

## मोटे की तलैया में दहशत: मगरमच्छ को पकड़ने वन विभाग ने लगाया पिंजरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बनवार-घटेरा मार्ग किनारे स्थित मोटे की तलैया में बीते एक महीने से डेरा डाले 4 से 5 फीट लंबे मगरमच्छ ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला रखी है। तलैया से निकलकर सड़क किनारे तक पहुंचने वाले इस मगरमच्छ की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीण और राहगीर लगातार भयभीत हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई । जब 24 अगस्त को मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और खबर भी प्रकाशित हुई, जिसके बाद वन विभाग हरकत में आया। गुरुवार को सागौनी रेंज की बनवार बीट टीम ने मौके पर पहुंचकर तलैया में विशेष पिंजरा लगाया है। पिंजरे में मुर्गे का मांस रखा गया है ताकि मगरमच्छ शिकार के लालच में पिंजरे में कैद हो सके। इस अभियान की निगरानी कर रहे डिप्टी रेंजर राशिद कुरैशी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। पिंजरे में ऑटोमेटिक खिड़कियां लगाई गई हैं, जो मगरमच्छ के अंदर घुसते ही बंद हो जाएंगी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि तलैया के पास न जाएं और बच्चों को भी सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दें। विभाग लगातार मगरमच्छ की गतिविधियों पर नजर रखे हुए है और जल्द ही इसे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वे अब तक भय के माहौल में जी रहे थे, लेकिन वन विभाग की कार्रवाई से उन्हें राहत की उम्मीद जगी है।

## गर्रेह ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक की संविदा सेवा समाप्त

**दमोह।** जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत गर्रेह के ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा बिना पूर्व सूचना के समग्र आईडी डिलीट कर सरकारी योजनाओं को बंद करने संबंधी शिकायत की पुष्टि होने पर हटा जनपद सीईओ के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की कण्डिका 6.6 के अनुसार ग्राम रोजगार सहायक डालचंद कुर्मी ग्राम पंचायत गर्रेह/ बलेह जनपद पंचायत हटा को गंभीर अनुशासनहीनता प्रमाणित होने के आरोप में संविदा सेवा समाप्त का आदेश जारी किया गया है। ज्ञातव्य है 26 अगस्त 2025 को जनसुनवाई में शिकायतकर्ता कन्छेदी ग्राम पंचायत गर्रेह के ग्राम महुआखेड़ा खुर्द के द्वारा शिकायत की गई जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा द्वारा उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायक डालचंद कुर्मी के द्वारा बिना वैद्य कारण के उनकी परिवार आईडी 21551487 समग्र पोर्टल से डिलीट कर दी गई, जिसके कारण उनकी वृद्धा पेंशन, बहू की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बीपीएल राशन इत्यादि लाभों से वंचित किया गया। इस संबंध में कार्यालय जनपद पंचायत हटा के द्वारा 22 अगस्त को श्री कुर्मी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया जिसमें उनका जबाव संतोषजनक नहीं पाया गया एवं उक्त शिकायत की विन्दुवार जॉच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हटा के द्वारा की गई।